# I PUC MID-TERM EXAMINATION, OCTOBER - 2023 (SET-1)

**SUBJECT : HINDI (03)**

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** | **कुल अंक : 80**

---

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1) असंभव को संभव बनानेवाली चीज़ क्या है ?
i) प्रेम ii) क्रोध iii) लालच iv) धैर्य

2) धृतराष्ट्र की भुजाओं में कौन सा पुतला जकड़ गया था ?
i) दुर्योधन ii) अर्जुन iii) भीष्म iv) भीम

3) अंबेड़कर जी ने 'बी.ए' की परीक्षा कब पास की ?
i) 1913 ii) 1915 iii) 1912 iv) 1914

4) तुलसीदास अपने आप की तुलना किस पक्षी से करते हैं ?
i) तोता ii) चातक iii) कौआ iv) चकोर

5) किसका घमंड नहीं करना चाहिए ?
i) देह ii) ज्ञान iii) धन iv) बुद्धि

6) नारी कहाँ पत्थर तोड़ती थी ?
i) अहमदाबाद ii) इलाहाबाद iii) हैदराबाद iv) सिकंदराबाद

7) कवयित्री को किसने कभी नहीं रुलाया ?
i) निराशा ii) आशा iii) विरक्ति iv) अशांति

8) कवि बच्चन का जीवन कैसे बीता ?
i) स्नेह ii) आनंद iii) दुःख iv) उत्साह

9) 'श्मशान' कहानी की लेखिका कौन हैं ?
i) महादेवी वर्मा ii) सुभद्रा कुमारी चौहान iii) मन्नू भंडारी iv) सुशीला टाकभौरे

10) प्रभा का भाई वीरजी के घर क्या देने आया था ?
i) कटोरियाँ ii) थाल iii) पुस्तक iv) चम्मच

**आ. कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**
**(की, में, पर, ने, से, का)**

11) i) मेज़ ............... पंखा रखा है ।
ii) पुत्र .............. अपने पिता का नाम रोशन किया ।
iii) वहाँ लोगों ........... भीड़ है ।
iv) किसान खेत ........... काम करते हैं ।
v) लड़का छत ......... गिर पड़ा ।

(P.T.O)

https://www.karnatakaboard.com

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **5x1= 5**

| | |
|---|---|
| 12) i) अंधे की लाठी | 1) सफल न होना। |
| ii) कान भरना | 2) मेहनत से बचना। |
| iii) दाल न गलना | 3) एक मात्र सहारा। |
| iv) जी चुराना | 4) धोखा देना। |
| v) चकमा देना | 5) चुगली करना। |

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

13) लाल बिहारी आनंदी पर क्यों बिगड़ पड़ा ?

14) निंदा की महिमा का वर्णन कीजिए।

15) अंबेड़कर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2x3=6**

16) "यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो।"

17) 'कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।'

18) 'पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ?'

19) 'वह रही मेरी अम्मा।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

20) मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए।

21) सीताजी अपनी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थीं ?

22) कवयित्री ने जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

23) बच्चन जी ने जग में क्या लुटाया और क्यों ?

**आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2x4= 8**

24) जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥

**अथवा**

तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान।
पाप पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सौ लुनै निदान॥

25) कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय कर्म रत मन।

**अथवा**

मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता
मुझे प्रेम का पारावार।
भरा प्रेम से मेरा जीवन,
लुटा रहा है निर्मल प्यार।

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

26) शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाता था ?

(P.T.O)

https://www.karnatakaboard.com

27) मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए।

28) वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

29) मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

30) अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?

31) समधी अंदर से थाल में क्या-क्या लेकर आए ?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **2x1=2**

32) i) सूर्य की किरणें चमक रहे है।

ii) वह दरवाज़ा खोला।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **2x1=2**

33) i) वह अपना काम करता है। **(भूतकाल में बदलिए)**

ii) माताजी पत्र लिख रही थीं। **(भविष्यत्काल में बदलिए)**

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **2x1=2**

34) i) स्वामी ii) याचिका

**ई) अन्य वचन रूप लिखिए :** **2x1=2**

35) i) आँख ii) धेनु

**उ) समानार्थक शब्द लिखिए :** **2x1=2**

36) i) पवन ii) हाथ

**VI अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5 x1= 5**

37) 'लाल बहादुर शास्त्री' जी का जन्म 2 अक्टोबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। उनकी याद में 'शास्त्री जयंती' प्रति वर्ष भारत वर्ष में 2 अक्टोबर को मनाई जाती है। शास्त्री जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधीवादी विचार धारा का अनुसरण करते हुए देश की सेवा की। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् शास्त्री जी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। शास्त्री जी ने 9 जून 1964 को प्रधान मंत्री का पद ग्रहण किया। शास्त्री जी ने देशवासियों को 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया। वे बेहद सादगी पसंद और ईमानदार व्यक्तित्व के स्वामी थे।

प्रश्न :

1. शास्त्री जी का जन्म कब हुआ?
2. शास्त्री जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में किस विचारधारा का अनुसरण किया?
3. शास्त्री जी किस प्रदेश के संसदीय सचिव बने?
4. शास्त्री जी ने प्रधानमंत्री का पद कब ग्रहण किया?
5. शास्त्री जी ने कौन-सा नारा दिया?

**आ)** **1x5=5**

38) चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्राचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

**इ) 39) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5x1= 5**

1) ರವೀಂದ್ರನಾಥ ಟಾಗೋರರು ಶಾಂತಿನಿಕೇತನವನ್ನು ಸ್ಥಾಪಿಸಿದರು. Ravindranth Tagore established Shantinikethan.
2) ನಾಯಕನು ಜನರ ಸೇವಕನಾಗಿರಬೇಕು. A leader should be a servant of the people.
3) ಮಿತ್ರರಿಲ್ಲದೇ ಯಾರೂ ಸುಖಿಯಾಗಿರಲಾರರು. No person is happy without friends.
4) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಶಿಸ್ತಿನಿಂದ ವರ್ತಿಸಬೇಕು. Students must behave in a disciplined way.
5) ಭಾರತವು ಶ್ರೀಮಂತ ಸಂಸ್ಕೃತಿಯ ದೇಶವಾಗಿದೆ. India is a rich cultured country.

*****

https://www.karnatakaboard.com